तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024



11 कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों और सतनामी...





12 पाणिग्राही ने 22 हजार हल्दी पीला चावलयुक्त...







## खबर संक्षेप

### मौसी के घर जाने निकली लड़की लापता

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के रेवा से युवती के लापता होने की मामला सामने आई है। युवती के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। प्रार्थी ने बताया कि 11 मई को उसकी बेटी घर से मौसी के यहां रायपुर जा रहीं हूं कहकर निकली है, लेकिन वह कहीं चली गई है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### अवैध शराब की बिक्री करते शख्स को पकड़ा

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने हाइवे समीप पौंसरा गांव में कार्रवाई करते हुए करीब 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पौंसरा में बहादुर ढाबा के पीछे खुले स्थान में दीपक बहादुर नामक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है, जहां पर छिपा कर रखे दो नग 10-10 लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन में भरी करीबन 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए को जब्त किया गया तथा आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर गिरफ्तार किया गया।

### बाइक से गिरने पर चालक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी के सीतली नाला के आगे रोड किनारे ग्राम पड़कीपाली में 20 फरवरी 2024 को एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस मिली जानकारी के अनुसार 20 फरवरी 2024 को पिपरीकोना निवासी होरीलाल सिदार (34) अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएल 1606 से पड़कीपाली आया था। पुलिस ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होने के चलते गिर जाने से सिर में चोट लगने से युवक की मौत हो गई। मामले में मृतक के विरूद्ध अपराध धारा 304 ए भादवि का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# तालाबों को भरने छोड़े गए पानी से निस्तारी की भी समस्या हुई दूर

## ग्रामीणों की मांग पर छोड़ा गया था पानी, पहले आपूर्ति घटाए जाने के बाद रोका गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी और तालाबों के गिरते जल स्तर को देखते हुए हाल ही में कोडार बांध से पानी छोड़ा गया। इससे जहां गांवों में निस्तार संकट दूर होगा। वहीं मवेशियों के लिए भी पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को राहत है। बता दें कि ग्रामीणों द्वारा हाल ही में जल संसाधन विभाग में आवेदन देकर पानी छोड़ने की मांग की थी। कोडार बांध के आरबीसी गेट से रबी फसल के अलावा निस्तारी के लिए भी पानी दिया जा रहा है, लेकिन, पानी की मात्रा पूर्व की तुलना में घटा दी गई है। बता दें कि कोडार बांध से हर साल खरीफ और रबी फसल के लिए पानी दिया जाता है। साथ ही गर्मी में गांवों के तालाबों को भरने के लिए भी बांध से पानी छोड़ा जाता है, जिससे बांध गई है। ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या का - साल निदान हो जाता है। भीषण गर्मी में कई गांवों के तालाब सूख जाते हैं। इससे ग्रामीणों को निस्तारी के लिए भी जूझना पड़ता है। जल संसाधन विभाग भी हर साल निस्तारी के लिए बांध से पानी देता है। वहीं रबी फसल के लिए पानी तब दिया जाता है, जब बांध में जलभराव अच्छा हो।

### आरबीसी से 50 क्यूसेक पानी

आरबीसी गेट से रबी फसल व निस्तारी के लिए पानी दिया जा रहा है। रबी फसल के लिए जनवरी से और निस्तारी के लिए अप्रैल से पानी दिया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के 19 तालाबों को भरा गया है। वहीं 18 गांवों में रबी फसल के लिए पानी दे रहे हैं। वहीं पहले प्रतिदिन 200 क्यूसेक से अधिक पानी दिया जा रहा था। बाद में कोडार के गेट बंद होने से पहले कुछ दिनों तक 50 क्यूसेक दिया गया।



### 90 क्यूसेक पानी

कोडार के एलबीसी गेट से प्रतिदिन 90 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। इससे एलबीसी गेट के अंतर्गत आने वाले गांव के तालाबों को भरा जा रहा है। पानी की मात्रा कम होने के कारण नहर में पानी का बहाव थोड़ा कम है। कुछ दिन पहले ग्राम कांपा, खरोरा, बरोंडाबाजार, साराडीह, मचेवा और बम्हनी के ग्रामीणों ने पानी देने की मांग की थी।

**बांध में महज 8 फीट पानी बचा :** जल संसाधन विभाग के अनुसार कोडार का जलस्तर वर्तमान में 8 फीट है। कुल क्षमता की तुलना में सिर्फ 12 प्रतिशत पानी शेष में है। ऐसे में कुछ दिन लगातार दोनों गेट खुले रहेंगे तो तेजी से जलस्तर कम होगा।

## विडंबना: हाईटेक बस टर्मिनल योजना फंड के फेर में कागजों पर सिमटी

# 25 साल में तीन गुना बढ़ गए यात्री और बसें, नए बस स्टैंड की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर का बस स्टैंड पहले रायपुर मार्ग पर दायीं ओर हुआ करता था। 25 साल पहले जगह छोटी होने के कारण इसे दूसरी ओर तालाब में शिफ्ट किया गया। जहां वर्तमान में बस स्टैंड और सब्जी मार्केट है। बीते 25 साल में यात्रियों और यात्री वाहनों की संख्या में 3 गुना इजाफा हुआ। अब यह स्थान भी छोटा पड़ने के साथ और बड़े और नए स्थान पर शिफ्ट किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बता दें कि स्थानीय गुरु घासीदास बस स्टैंड का निर्माण 25 साल पहले हुआ था। जिसके बाद बसों व यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड के लिए भूमि चिन्हांकन और बाद में फंड की कमी के कारण पिछले आठ साल से प्रस्तावित हाईटेक बस टर्मिनल योजना कागजों में कैद है।



बता दें कि स्थानीय बस स्टैंड से हर दिन रायपुर, सरायपाली, बलौदाबाजार, राजिम, सिरपुर और बागबाहरा सहित अन्य रूटों पर लगभग 250 बसें चलती हैं। रात में बसों का परिचालन नहीं होता है। इस कारण अधिकतर बसें रात में बस स्टैंड में ही रखी जाती हैं। कई बसें आस-पास सड़क के किनारे या पेट्रोल पंप के पास पार्क की जाती हैं। एक अनुमान के अनुसार बीते 25 साल में यहाँ से आने-जाने हेतु यात्रियों की संख्या में तीन गुना बढ़ोत्तरी हुई है और उतनी ही संख्या में बसें भी बढ़ी हैं। जिससे वर्तमान में बस स्टैंड छोटा पड़ रहा है। बसों की पार्किंग के लिए जगह नहीं मिल रही है। बस स्टैंड के पीछे ही सब्जी बाजार होने से सुबह बड़ी संख्या में गाड़ियां आती हैं, जिससे जाम लगता है। इससे बस स्टैंड में भी आने-जाने में समस्या होती है। ठेले-गुमटी वाले व्यवस्था बिगाड़ देते हैं। नया बस स्टैंड बनने के बाद बसों के खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह होगी। सभी कामकाज व व्यवस्था प्लानिंग अनुरूप रहेगा साथ ही यात्रियों को सुविधाएँ भी मिलेगी।

### जमीन चिन्हांकित

मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने कहा है कि हाईटेक बस टर्मिनल के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, इसके लिए लभराखुर्द में जमीन का भी चिन्हाकन कर लिया गया है। लेकिन, अभी तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल पायी है। फिलहाल आचार संहिता लागू है। इसके समाप्त होने के बाद फिर से इसके लिए प्रयास किया जाएगा। जहाँ तक वर्तमान बस स्टैंड में मूलभूत सुविधा की बात है तो समय- समय पर साफ-सफाई के साथ ही बस संचालकों से व्यवस्था सही रखने के लिए कहा जाता है।

### हाईटेक बस स्टैंड के लिए 657 लाख का प्रावधान

मालूम हो कि हाईटेक बस टर्मिनल बनाने की योजना पिछले आठ साल से कागजों में ही सिमट कर रह गई है। प्रस्तावित बस स्टैंड के लिए पहले साराडीह मोड़ पर जगह देखी गयी थी पर किसी कारण से उक्त स्थल का चयन नहीं हो पाया इसके बाद लभराखुर्द में स्थान सुनिश्चित किया गया। पहले स्थान चयन और अब स्थान चयन के बाद फंड की कमी के चलते हाईटेक बस स्टैंड की योजना शुरू नहीं हो पा रही है।नगर पालिका के बजट में एचबीटी बनाने के लिए 657 लाख रुपयए का प्रावधान रखा गया है। टर्मिनल में प्रवेश और निर्गम स्थान, बस व आटो के लिए पार्किंग की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, व्यावसायिक दुकानें, वाहनों के लिए पार्किंग और यात्रियों के बैठने के लिए सर्वसुविधायुक्त प्रतीक्षालय के लिए स्थान सुनिश्चित किया गया है।

### यात्री प्रतीक्षालय की दरकार, बस स्टैंड में अव्यवस्था

स्थानीय गुरु घासीदास बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यात्रियों को बसों की प्रतीक्षा के लिए दुकानों के सामने बैठने मजबूर होना पड़ता है जिससे दुकानदारों की ग्राहकी प्रभावित होती है जिससे आए दिन दुकानदार और यात्रियों में विवाद होता है। प्रतीक्षालय के साथ ही यहां मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। पर्याप्त साफ-सफाई न होने से यहां गंदगी पसरी रहती है। पिछले माह ही नगर पालिका सीएमओ ने बस स्टैंड की स्वच्छता को लेकर बस संचालकों की बैठक लेकर बस संचालकों को बसों में डस्टबिन रखने और स्टैंड में बस न धोने के साथ बसों को व्यवस्थित खड़ी करना तय हुआ लेकिन, यहां पसरी गंदगी से यात्री परेशान रहते हैं।

# चोरी के जेवर बेचने की कोशिश कर रहा आरोपी गिरफ्तार

## 1.25 लाख रुपए का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चोरी के सोने का गहने को बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। सरायपाली पुलिस ने आरोपी के पास से 11 नग सोने का पदप, 01 जोड़ी सोने का झुमका जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि जिले में चोरी, नकबजनी, अवैध मादक पदार्थ बिक्री, सहित मोटर सायकल चोरी की रोकथाम एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु समस्त थाना/चौकी प्रभारी को गस्त पेट्रोलिंग सजगता से करने निर्देशित किया गया था,जिस पर थानों की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में संदिग्ध लोगों एवं घर में चोरी करने वाले की खोजबीन की जा रही थी।

सरायपाली थाना की टीम पेट्रोलिंग में निकली हुई थी कि इसी बीच 14 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम काशीपाली चौक के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में एक प्लास्टिक के थैला में सोने का गहना रखकर बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा मुखबीर की निशानदेही पर ग्राम काशीपाली चौक के पास पहुच कर घेराबंदी कर 1 व्यक्ति को पकड़ा । उसने पूछताछ में अपना नाम रविशंकर चौहान पिता मिलन चौहान (36) वार्ड नंबर 14 रामनगर सरसीवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी होना बताया। संदेही रविशंकर चौहान के पास एक प्लास्टिक थैला के अंदर 11 नग सोने का पदप व 01 जोड़ी सोने कान का झुमका मिला जिसके संबंध मे पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगा। संदेह होने पर बारिकी से



पूछताछ करने पर उक्त सोने के जेवरों को चोरी का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 11 नग सोने का पदप कीमत 40,000 रुपए व 01 जोड़ी कान का झुमका 85,000 कुल वजन 20 ग्राम कुल कीमत 1,25,000 रुपए जब्त आरोपी के खिलाफधारा 41(1+4), 379 भादवि. के तहत कार्रवाई की गई।

# कमर्शियल की जगह 60 प्रतिशत घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा धड़ल्ले से उपयोग, नहीं हो रही कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के कार्यकारी संचालक शुभम रंगारी ने कहा कि जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह 60 प्रतिशत घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी प्रशासन और संबंधित विभाग को नहीं है,बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। प्रशासन और संबंधित विभाग की इस उदासीनता का खामियाजा आम जनता पर भारी पड़ सकती है। श्री रंगारी ने आज यहां प्रेस क्लब में उपरोक्त बातें कहीं। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक करने वाले इस फाउंडेशन के कार्यकारी संचालक ने कहा कि घरेलू सिलेंडर में से कमर्शियल गैस सिलेंडर में बांसुरी के माध्यम से गैस रिफिल की जाती है। इसमें ब्लास्ट होने का खतरा बहुत अधिक होता है। इसमें जनहानि के साथ-साथ सरकारी टेक्स की भी हानि होती है। घरेलू एलपीजी पर 5% जीएसटी लगती है, वहीं कमर्शियल पर 18% जीएसटी लगती है। अवैध रूप से रिफिल करके सरकार को 13% जीएसटी की हानि हो रही है। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के अधिकारों की जागृति के लिए फाउंडेशन हमेशा कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक परिवार में करीब 5-6 गैस सिलेंडर का इस्तेमाल प्रति वर्ष होता है। जब इस डेटा की सत्यता जांचने के लिए जांच की गई और उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया गया, तो उस सर्वेक्षण में औसत 80 प्रतिशत नागरिकों ने कहा कि वे 3 से 4 गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। 15 प्रतिशत नागरिक मात्र 6 से 8 गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। गैस का दाम बढ़ने से 5 फीसदी लोग 2 से 3 सिलेंडर ही इस्तेमाल कर रहे हैं। श्री रंगारी ने आरोप लगाया कि वे ग्राहक जो सभी निर्धारित घरेलू सिलेन्डर का उपयोग नहीं कर पाते उनके बाकी गैस सिलेंडर वितरक ऑटो बुकिंग कर कालाबाजारी कर रहे हैं और इस अवैध बिक्री से मोटी रकम कमा रहे हैं और इस व्यवसाय को एकाधिकार के रूप में चला रहे हैं। यह देश के लिए हानिकारक है। श्री रंगारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि सिलेंडर लेते वक्त उसका वजन, सिलेंडर की एक्सपाइरी डेट,उसकी सील की जांच जरूर करें और पूरी सावधानी से इसका उपयोग करें।

### 'सरकार ने कदम उठाए हैं पर कार्रवाई धीमी'

श्री रंगारी ने कहा कि देश में एलपीजी सिलेंडर की उचित बिक्री के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने हाल ही में कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन इसकी गति काफी धीमी है। सिलेंडर प्रबंधन के मामले में, क्यूआर कोड-आधारित 'ट्रैक एड ट्रेस' को समाधानों में से एक के रूप में पहचाना जाता है। क्यूआर कोड आधारित प्रणाली की अवधारणा का प्रमाण प्राप्त करने के लिए, ओएमसीएस ने विभिन्न प्रमुख तकनीकी संस्थानों, परीक्षण संस्थानों और क्यूआर के साथ परामर्श किया है। मोबाइल हैंडसेट और क्यूआर कोड स्कैनर के जरिए कोड स्कैनर के मुद्दे पर विशेषज्ञों की राय ली गई है। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से यश देशपांडे, हंसराज राहंगडाले और सत्यप्रकाश साहू उपस्थित थे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोनासिल्ली से करीब 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति गुरुकुल के बगल कसहीबाहरा मार्ग ग्राम सोनासिल्ली में शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर आरोपी भारत टंडन पिता अमरदास टंडन (24) सोनासिल्ली के पास एक पीले रंग की 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी करीब 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स, महासमुंद (छ.ग.) मो. 9098324969

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे | साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा | **3.** केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है | **5.** छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है |**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अत: विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं | कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |

1. आवेदक का नाम ................ 2. पिता / पति ................
3. जन्म तिथि अंकों में ................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ................ पोस्ट ................ तहसील ................
थाना ................ जिला ................ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ................ मो. नं. 2 ................ वाट्सअप नं. ................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष बने यशवंत उपाध्यक्ष श्रद्धेय



**रायपुर।** दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी चुनाव-2024 में समाजहित को ध्यान में रखते हुए सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप चुनाव अधिकारियों की सहमति से निम्न कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अध्यक्ष यशवंत जैन, उपाध्यक्ष श्रद्धेय जैन, लोकेश चंद्रकांत जैन और नीरज जैन को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव सुजीत कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार जैन, सहसचिव अनूप आशीष जैन, विजय कुमार जैन को चुना गया। दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं ट्रस्ट मंडल ने बताया कि संपूर्ण समाज एवं ट्रस्ट नवीन कार्यकारिणी से अपेक्षा रखते हैं कि वह समाजहित में कार्य करेगी।

### सूने मकान में धावा, ढाई लाख के जेवर पार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी डोमेंद्र कुमार सिन्हा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई को दोपहर 12 बजे से लेकर रात 8 बजे के दरमियान कोई अज्ञात चोर उसके झंडा चौक संजय नगर स्थित घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवरातों की कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुरानी रंजिश पर वाहन में तोड़फोड़, 2 पर केस

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी अर्जुन साहू निवासी जय जवान पेट्रोल के पास तेलीबांधा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई को रात करीब 11 बजे आरोपी शुभम चंद्राकर उसके साथी ने पुरानी रंजिश पर उसके साथ पहले विवाद किया और फिर उसकी बाइक और स्कूटी में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 294, 506, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** राजधानी की पुलिस द्वारा एसएसपी के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजों और नशेड़ियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उससे चाकू बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुलभ शौचालय भाठागांव के पास एक बदमाश अपने पास अवैध रूप से चाकू रखा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी गजेंद्र यादव निवासी लोहार चौक भाठागांव को गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया तथा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।



### वेतन मांगने पर पिटाई संचालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** वेतन मांगने की बात पर एक नौकर से उसके मालिक ने मारपीट कर दी। घटना 13 मई को करीब शाम साढ़े बजे माना कैंप क्षेत्र में ज्योति पेट्रोल पंप के पास की है। प्रार्थी आशुतोष पांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सतवीर के यहां काम करता है। उसे पिछले 6 माह से वेतन नहीं दिया गया था। अपना रुका वेतन जब उसने मांगा तो इस बात पर सतवीर और अन्य एक ने एकराय होकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट करते हुए उस पर पत्थर फेंककर मारा, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में 294, 506, 323, 336, 34 के तहत जुर्म कायम किया है।

# कृषि पंप बंद होने से बिजली की खपत में राहत, पीक ऑवर में डिमांड 55 सौ मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी भीषण अपने तेवर दिखा रही है, जिससे पारा 42 से 43 डिग्री तक जा रहा है, लेकिन जहां तक बिजली की खपत का सवाल है तो मई में बिजली की खपत के तेवर ज्यादा गर्म नहीं हैं। मार्च में ही बिजली की खपत 63 सौ मेगावाट के पार हो गई थी, लेकिन इस समय खपत पीक ऑवर में भी 55 सौ मेगावाट तक ही जा पा रही है।

दिन में डिमांड इससे भी कम है। एसी और कूलर तो थोक में चल रहे हैं, लेकिन कृषि पंप बंद हो गए हैं, इसलिए खपत का ग्राफ भी नीचे आ गया है। मौसम के कारण भी खपत कई बार पांच हजार मेगावाट से भी कम हो रही है। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को भी राहत है, क्योंकि कंपनी का उत्पादन बमुश्किल 25 सौ मेगावाट होता है, बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ती है।

प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब बिजली की खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च के माह में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता है। उमस के कारण भी खपत बढ़ जाती है। पिछले साल तो बारिश के मौसम में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी।

### फरवरी- मार्च में सबसे ज्यादा खपत

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही फरवरी और मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत के 63 सौ मेगावाट के पार हो गई।

### मार्च में ही खपत पहुंच गई थी 63 सौ मेगावाट के पार



**मौसम भी दे रहा राहत :** मौसम के कारण भी खपत में बड़ी राहत मिल रही है। जब-जब मौसम करवट बदलता है और बारिश हो जाती है तो इसके बाद अचानक खपत का ग्राफ भी हजार मेगावाट तक गिर जाता है। दो दिन पहले भी बारिश के कारण खपत पीक ऑवर में 42 से 43 सौ मेगावाट हो गई थी। आने वाले समय में भी मौसम के कारण अभी राहत की संभावना है।

### मई में इसलिए राहत

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाए, इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रह था कि इस बार खतप 65 सौ मेगावाट के पार चली जाएगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट की अतिरिक्त बिजली की मांग की थी, लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और अब मई में कृषि पंप लगभग बंद हो गए हैं। इसलिए खपत 55 सौ मेगावाट तक सिमट गई है।

# अग्नि सुरक्षा और रोकथाम पर कैट की कार्यशाला कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा 16 मई को शाम 4 बजे बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में अग्नि सुरक्षा और रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा और रोकथाम के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, कार्यशाला के मुख्य अतिथि अग्निशमन विभाग के अजातशत्रु बहादुर सिंह, निर्देशक ट्रेनिंग आपरेशन, अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग होंगे। इसके साथ ही अनिमा एस. कुजूर, संभागीय सेनानी, एसडीआरएफ एवं अग्निशमन, एसजी मोहम्मद वरिष्ठ तकनीकि अग्निशमन अधिकारी, पुष्पराज सिंह, जिला अग्निशमन अधिकारी रायपुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

- विभाग के अधिकारी डेमो कर बताएंगे बचाव के तरीके
- चैंबर भवन सभागार में शाम 4 बजे होगी कार्यशाला

कार्यशाला में शहर के सभी व्यापारिक एवं उद्योग संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यशाला को सफल बनाने कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों को कार्यों का आबंटन किया गया है।

## अब अनाउंसमेंट के जरिए यात्रियों को कर रहे जागरूक

# भीड़ से यात्रियों को बचाने आरपीएफ ने उठाया बीड़ा, बुजुर्गों को ट्रेन में पहुंचाने कर रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

ट्रेन और स्टेशन में भारी भीड़ से यात्रियों को राहत दिलाने अब आरपीएफ ने बीड़ा उठाया है। स्टेशन के प्लेटफार्म में अतिरिक्त आरपीएफ जवान को तैनात किया गया है, जो प्लेटफार्म में ट्रेन के आने के बाद यात्रियों को निगरानी कर रहे हैं। भीड़ के कारण कई बुजुर्गों ट्रेन में चढ़ने दिक्कत हो रही थी, अब आरपीएफ के जवान ऐसी यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में भी मदद कर रही है। प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि स्टेशन में अनाउंसमेंट के जरिए अब यात्रियों को जागरूक किया जा रहा, ताकि एक जगह पर यात्री एकत्रित न हों और जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ते समय यात्री गिर न जाएं। यात्रियों को फुटओवरब्रिज और सीढ़ियों में खड़ने नहीं रहने की हिदायत दी जा रही है।

- यात्रियों को दुर्घटना से बचाने स्टेशन में आरपीएफ ने तैनात किया अतिरिक्त जवान

एक समय में जब दो ट्रेन आती है उस समय ही स्टेशन में भीड़ बढ़ जाती है। यात्रियों के बीच चढ़ने और उतरने के दौरान किसी भी तरह का कोई विवाद न हो, इसलिए आरपीएफ जवान को तैनात किया है। यही वजह है कि अब स्टेशन में धीरे-धीरे भीड़ को नियंत्रित हो रही है।





### चोरों को पकड़ने विशेष अभियान

भीड़ बढ़ने से स्टेशन में चोरी के मामले भी बढ़ जाते है, जिसे लेकर अब रायपुर में प्लेटफार्म पर यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं कि फोन में चार्जिंग में डालकर न सोए। सीसीटीवी की मदद से चोरों की पहचान कर पकड़ा जा रहा है। ट्रेन के भीतर भी स्काउटिंग कर रहे जवान भी यात्रियों को सामान की सुरक्षा करने को लेकर जागरूक कर रहे हैं।

### चेन पुलिंग के मामले में आई कमी

पहले एक प्लेटफार्म में एक ही जवान को तैनात किया जाता था, लेकिन भीड़ से यात्रियों को बचाने और व्यवस्था को सुधारने के लिए 3 से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। ट्रेन के प्लेटफार्म में खड़े होने के बाद रवाना होने तक आरपीएफ के जवान यात्रियों पर निगरानी रख रहे हैं, ताकि कोई भी यात्री जल्दबाजी के चक्कर में अपनी जिंदगी को खतरे में न डाले। ट्रेन के आने से पहले ही प्लेटफार्म में भीड़ कम किया जा रहा है, ताकि यात्री को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। अतिरिक्त जवानों की तैनाती से अब चेन पुलिंग के मामले में कमी आई है।ट्रेन के भीतर जवान यात्रियों की समस्या को दूर कर रहे हैं।

# आयुष्मान योजना में अनियमितता, राज्य के 17 निजी अस्पतालों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निशुल्क उपचार के बदले मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने संबंधी शिकायतों पर 17 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। अस्पतालों को तीन दिन के भीतर अपना पक्ष रखने कहा गया, अन्यथा उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।



आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों को आने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देनी होती है। वे मरीजों से अतिरिक्त राशि नहीं ले सकते, इसके बाद भी लगातार मरीजों से रकम लेने की बात सामने आती रहती है। इसी तरह की शिकायतों साथ ही कार्ड से दूसरी बीमारी की राशि ब्लॉक करने के मामले में स्टेट नोडल एजेंसी ने सख्त रवैया अपनाया है। रायपुर के नौ निजी अस्पतालों सहित कुल 17 अस्पतालों से मिली शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। एसएनए के उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी का कहना है कि उनके द्वारा जवाब नहीं देने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोप सही पाए जाने पर योजना से तीन से छह महीने के लिए निलंबित करने अथवा जुर्माना किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों की उपचार सुविधा की निगरानी रखने की जिम्मेदारी स्टेट नोडल एजेंसी के पास है। काफी समय बाद थोक में इतने अस्पतालों को नोटिस थमाया गया है।

- अतिरिक्त राशि लेने समेत कई शिकायतें, तीन दिन में मांगा जवाब

# उत्कृष्ट वसूली पर राजस्व अमले को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में नगर निगम के लिए 283 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली कार्य की सराहना की है। शहीद स्मारक भवन सभागार में उन्होंने सर्वाधिक वसूली करने वाले जोन 8 और जोन 10 की राजस्व टीम को प्रथम स्थान आने पर शाबाशी देते हुए स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। दूसरे स्थान पर जोन 2 के राजस्व टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए हौसला अफजाई करते हुए प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में 283 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली

राजस्व वसूली में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राजस्व अधिकारियों को नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में राजस्व अधिकारी विवेकानंद दुबे, बलदाऊ वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रेमचंद दुबे, महादेव रक्सेल, अमरनाथ साहू, प्रमोद जाघव, विजय शर्मा शामिल रहे।

इसके साथ ही वर्ष 2015-16 से नगर निगम राजस्व विभाग को ऑनलाइन सिस्टम में शामिल करने पर आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को शहीद स्मारक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे, सहित जोन कमिश्नरों की उपस्थिति में वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट राजस्व वसूली कार्य करने वाले 24 राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षको और आईटी टीम के 10 कंप्यूटर आपरेटरों के साथ कोटक महेन्द्रा बैंक के निर्देश जैन, एंटीट आईटी सपोर्ट के कार्य को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया।

### 350 करोड़ का राजस्व वसूली टारगेट

निगम आयुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2024-25 में 350 करोड़ रुपए के राजस्व वसूली का टारगेट दिया है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व वसूली के कार्य में जुट जाने का आव्हान किया।

# निजी अस्पतालों की तर्ज पर स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल टीकाकरण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी अस्पतालों की तर्ज पर अब शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल टीकाकरण केंद्र बनाए जाएंगे। जिला का पहला केंद्र सीएचसी खोखो पारा में प्रारंभ किया गया है। यहां बच्चों के लिए बड़ी जगह के साथ प्ले जोन सहित अन्य जरूरी सुविधाएं जुटाई गई हैं। शासकीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की एएनएम आंगनबाड़ी स्तर पर जाकर बच्चों की टीका लगाती है। आमतौर पर इसका लाभ निचली बस्तियों तक ही सीमित होता है और पॉश कालोनी के लोग टीकाकरण के लिए निजी अस्पतालों में जाकर वैक्सीनेशन के लिए शुल्क देते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी वर्ग को टीकाकरण के लिए अनुकूल माहौल देने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल टीकाकरण केंद्र बनाने की योजना बना चुका है। इसके शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खो-खो पारा से हुई है, जहां विभिन्न सुविधाओं वाले टीकाकरण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि टीकाकरण केंद्र में ब्रीडिंग रूम, टीका लगने के बाद आधे घंटे के आब्जर्वेशन के दौरान बच्चों के लिए प्ले जोन सहित अन्य व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सहयोग संस्था जेएसआई के साथ मिलकर सेटअप तैयार किया गया है और जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर टीकाकरण केंद्र तैयार किया गया है।

- पहले सेंटर का सीएचसी खोखो पारा में हुआ लोकार्पण



### पूर्व डीएमई ने किया लोकार्पण

खोखो पारा सीएचसी के मॉडल टीकाकरण केंद्र का लोकार्पण पूर्व डीएमई डॉ. विष्णु दत्त ने किया। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजीव मेश्राम, जिला सांख्यिकी अधिकारी डीके बंजारे, मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान नर्स डे के अवसर पर वहां के नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया गया।

# 55 में 48 अहाता ठेकेदारों ने जमा की लाइसेंस शुल्क की किस्त

**किस्त की राशि नहीं आई तो निरस्त होंगे शेष ठेकों के टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत राज्यभर में शुक्रवार को अहातों का टेंडर खोला गया। टेंडर में सबसे बड़ी बोली लगाने वाले लोगों को इन अहातों का ठेका दिया गया है। ठेका मिलने के बाद ठेकेदारों को लाइसेंस की फीस जमा करने के लिए 13 एवं 14 मई दो दिन का समय दिया गया था। मंगलवार को 55 ठेकेदारों में रात 8 बजे तक 48 ने लाइसेंस की फीस जमा करा दी है, लेकिन 7 ठेकेदारों ने यह राशि जमा नहीं कराई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार राशि जमा करने का समय रात 12 बजे तक है। इसके बाद भी अगर कोई ठेकेदार राशि जमा नहीं कराता, तो उसका ठेका निरस्त करते हुए संबंधित अहाता के लिए दूसरे नंबर पर सबसे बड़ी बोली लगाने वाले को ठेका दिया जाएगा।

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत रायपुर जिले के 78 शराब दुकानों में से 56 दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया था। इसके तहत आए 361 आवेदन आए थे। इनमें सबसे ज्यादा बोली लगाने वालों को इन अहातों का ठेका दिया गया है। जिन्हे ठेका मिला है उन सभी ठेकेदारों को टेंडर का दिन छोड़कर दो दिन कार्यदिवस के भीतर दो माह का लाइसेंस शुल्क जमा कराने के लिए कहा गया है। लाइसेंस शुल्क की राशि जमा करने का मंगलवार को अंतिम दिन था। इस दिन रात करीब 8 बजे तक 48 ठेकेदारों ने ही लाइसेंस शुल्क जमा किए हैं, जबकि शेष 7 ठेकेदारों ने जमा नहीं किया है।




### रात 12 बजे तक देखेंगे, राशि जमा नहीं हुई तो करेंगे निरस्त

अहाता का ठेका लेने वालों को लाइसेंस शुल्क जमा करने 14 मई तक का समय दिया गया है। रात 12 बजे के पहले तक राशि जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद भी अगर राशि जमा नहीं करते, तो संबंधित अहाता का ठेका निरस्त किया जाएगा और दूसरे नंबर पर सबसे बड़ी बोली लगाने वाले व्यक्ति को ठेका दे दिया जाएगा।

*- विकास गोस्वामी, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर*

### 94 लाख रुपये तक गया है ठेका

जिले में सभी अहातों का ठेका के लिए बड़ी बोली लगाई गई थी, जिसके कारण शहर के गंजपारा अहाता का ठेका सबसे महंगा 94 लाख 47 हजार रुपये में गया है। इसके अलावा अन्य अहातों का ठेका भी विभाग की तय कीमत से डेढ़ से दोगुना अधिक कीमत पर गए हैं। बताया गया कि गंजपारा अहाता के ठेकेदार ने लाइसेंस शुल्क की राशि जमा कर दी है।

### माना देशी मदिरा अहाता के लिए फिर से निकाला जाएगा टेंडर

विभाग ने 56 अहाता के लिए टेंडर निकाला था, लेकिन इनमें माना देशी मदिरा अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था, जिसके कारण यह अहाता ठेका अब तक नहीं गया है। विभाग इसके लिए फिर से टेंडर निकालेगा।

# शहर में जल संकट से निपटने 13 जगहों पर बोरवेल खनन, 7 जगह पर और डिमांड

**नया भनपुरी बोरियाखुर्द रामनगर पानी टंकी में कम जलभराव की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल संकट से निपटने शहर में 13 जगहों पर बोरवेल खनन कराया गया है, 7 नई जगहों पर बोरवेल खनन जल्द कराया जायेगा। टेल एंड तक प्रेशर के साथ जल आपूर्ति के लिए शहर के सभी पानी टंकियों में पर्याप्त जलभराव की व्यवस्था होगी।

महापौर एजाज ढेबर ने गांधी सदन में पेयजल आपूर्ति को लेकर पार्षदों से चर्चा के बाद इस आशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। अमृत मिशन के पाइप लाइन के कार्यो को 2 माह के भीतर पूरा करने की हिदायत भी दी गई। बैठक में उपस्थित ज्यादातर पार्षदों की शिकायत रही कि अमृत मिशन में नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा। कई इलाकों में इंटरकनेक्शन का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता मनोज वर्मा और जल कार्य विभाग अध्यक्ष सतनाम पनाग की मौजूदगी में पार्षदों की बैठक बुलाई। इसमें वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन सहित 42 वार्ड के पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे के अलावा अमृत मिशन और फिल्टर प्लांट के अधिकारी सहित जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता मौजूद रहे, जबकि निगम आयुक्त इस बैठक में नहीं पहुंच पाये।




### चौबे कालोनी, गीतानगर, अर्जुन नगर में पानी की किल्लत

स्वामी आत्मानंद वार्ड के चौबे कालोनी, गीतानगर और अर्जुननगर में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाई गई, पर इंटर कनेक्शन का काम अधूरा होने से इन इलाकों में पानी की समस्या है। वार्ड पार्षद अमर बंसल ने कहा, जोन 1 जोन 7 तक के 35 पार्षदों की बात मैंने सुनी, उनके वार्ड की पानी समस्या को मात्र 4 दिन में समाधान करने का दावा निगम के अधिकारी कर रहे हैं।

### अमृत मिशन का काम कराने में निगम विफल : मीनल

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा है 42 वार्डो में अमृत मिशन के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। पर नई पाइप लाइन में पानी नहीं आ रहा है। यह समस्या सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पार्षदों के वार्ड में है। पाइप लाइन बिछाने के बाद रेस्टारेशन का काम भी कामचलाऊ हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमृत मिशन का काम कराने में निगम प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है।

## कहीं ना कहीं बारिश की गतिविधि

# अभी धीमे-धीमे बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में कहीं ना कहीं बारिश की गतिविधि रहने की वजह से तेजी से गर्मी बढ़ने की संभावना अभी नजर नहीं आ रही है। माहांत तक शहर का तापमान 43-44 के बीच रहने के आसार हैं।

अभी उत्तर और दक्षिणी हिस्से को छोड़कर बाकी शहरों का तापमान चालीस डिग्री के पार हो चुका है। मंगलवार को रायपुर का तापमान चालीस डिग्री से ऊपर जाने की वजह से सूरज ने एक बार फिर अपनी गर्मी दिखाई है। दोपहर की तेज धूप में तपिश का अहसास हुआ। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि तापमान अभी धीरे-धीरे ऊपर की ओर जाएगा, क्योंकि प्रदेश में उत्तर-पश्चिम हवा का प्रवेश नहीं हो रहा है, साथ ही कहीं ना कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की गतिविधि हो रही है, जिसकी वजह से वातावरण में नमी की मात्रा मौजूद है। तापमान में हो रही धीमी बढ़ोतरी इस साल के अधिकतम तापमान को 44 डिग्री से अधिक नहीं हो पाएगा। रायपुर का तापमान मई महीने में पिछले दिनों सर्वाधिक 43.6 डिग्री तक पहुंचा था। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अगले चौबीस घंटे में राज्य के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 43.4 डोंगरगढ़ का दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप



### सकारात्मक जीवन संदेश रैली बीएसएफ ने निकाली

**दुर्गुकोंदल।** 178 वीं वाहिनी बीएसएफ के जवानों द्वारा द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में बाईक रैली निकाल कर लोगो को स्वस्थ व सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया। मेरी लाईफ अभियान के तहत बीएसएफ जवानों ने दुर्गुकोंदल बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कांगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में बाईक रैली निकाली। विभिन्न सकारात्मक स्लोगन के द्वारा लोगों में जागरूकता का प्रचार किया। रैली में विभिन्न अधिकारियों तथा जवानों सहित 30 कार्मिकों ने भाग लिया।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 7 जून तक

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 मई से 7 जून तक समय सुबह 6 से 8 बजे तक एवं शाम 5 से 7 बजे तक शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तैयारी को लेकर कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में समन्वय बैठक डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर की अध्यक्षता में हुआ। उक्त बैठक में जिले के समस्त खेल संघ के पदाधिकारी एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया की इस वर्ष जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, कराटे, खो-खो, एथेलटिक्स, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल और बैडमिंटन का प्रशिक्षण संबंधित खेल के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था के साथ प्रशिक्षक की व्यवस्था, प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के लिए शुद्ध पेयजल, पौष्टिक आहार आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए 8 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक व बालिका आयु सीमा मय दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा ऐसी दस्तावेज जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होना आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थी जिस खेल में भाग लेना चाहते है, उन खेलो से संबंधित प्रशिक्षण स्थल अथवा कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में सम्पर्क कर अपना नाम पंजीयन या आवेदन जमा करा सकते हैं।

# कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों और सतनामी समाज ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सेवाती निवासी महेश घृतलहरे हत्याकांड व छात्रावास में अध्यनरत नीलम टंडन खुदकुशी एवं आदित्य हास्पिटल में ऑपरेशन के दौरान खोलबाहरिन कुर्रे की मृत्यु पर दर्ज मामले को पुलिस कार्रवाई से नाराज पीड़ित परिवार के साथ प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह से मिलकर तीनों प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने की लिखित में आवेदन दिया और तीनों प्रकरणों में सही कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक को लिखे आवेदन अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र के रेवा में सेवाती निवासी महेश घृतलहरे की हत्या व उनके अन्य दो साथियों के साथ हुए प्राणघातक हमले के आरोप में पुलिस द्वारा गवाहों व साक्ष्य के आधार पर पांच लोगों को पुछताछ के लिए थाना में लाया गया था। घटना के दो दिन तक पुलिस द्वारा अधिकृत खुलासे ना कर एक आरोपी गणेश देवांगन जो मुख्य आरोपी संजु देवांगन पिता है को छोड़ दिया गया। और एक अपचारी बालक व तीन अन्य को आरोपी



बनाया गया है। जबकि गवाहों के अनुसार गणेश देवांगन उक्त हत्या में शामिल रहा है। साथ ही एक गवाह को भी चोट लगी है जिस पर पृथक से एक और एफआईआर लिखे जाने व गणेश देवांगन की गिरफ्तारी के साथ अन्य पुलिस अधिकारी से पुनः जांच कराने की उल्लेख किया गया है। इसी प्रकार महासमुंद थाना क्षेत्र के आदित्य अस्पताल में 23 सितम्बर 2023 को आपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से खोलबाहरिन कुर्रे पति रामलाल कुर्रे की तेंदूलोथा बागबाहरा निवासी की मृत्यु हो गई थी, जिस पर महासमुंद थाना में अपराध दर्ज किया गया है। परन्तु आज तक पीएम रिपोर्ट की सम्पूर्ण जानकारी परिजनों को नहीं दिया गया है और ना ही कोर्ट में चालान पेश किया है। जबकि इस संबंध मे पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित करने के बावजूद पुरी रिपोर्ट नहीं दिए जाने से स्पष्ट होता है कि आरोपित डॉक्टर को बचाने के लिए पुलिस द्वारा जानबूझकर समय सीमा में चालान पेश नहीं किया जा रहा है।

तीसरा मामला महासमुंद थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास में रहने वाली नीलम टंडन पिता तेजनलाल टंडन ने कुलदीप सिंह राठौड़ नाम के लड़के के दबाव में आकर 22 फरवरी 2023 को जहर खा लिया था, और इलाज के दौरान 3 मार्च 2023 को मृत्यु हो गई थी, जिस पर थाना व एसपी के पास परिजनों के साथ समाज द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने आवेदन दिया गया था। परंतु, एक साल के बाद भी मामले की खुलासा नहीं किए जाने से समाज भेद-भाव महसूस कर रही है। परिजनों और समाज प्रमुखों द्वारा पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने की जिद पर देर शाम तक इंतजार के बाद बैठक छोड़कर मुलाकात किया और सभी प्रकरणों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए बागबाहरा एसडीओपी को निर्देशित भी किया।

मुलाकात करने वालों में मृतक महेश घृतलहरे की पत्नी व गवाहों के साथ परिजन तथा मृतक खोलबाहरिन के पुत्र, मृतक नीलम के पिता व प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के यूथ प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे, जिला सचिव रेखराम बघेल, यूथ जिलाध्यक्ष तरुण व्यवहार, प्रवक्ता विजय मिर्चे, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय, रामनारायण जांगड़े, गणेश टंडन व जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर प्रमुख रहे।

# गांवों में दीप महायज्ञ के साथ हुए दीक्षा संस्कार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तीर्थयात्रा अभियान के दसवें चरण में तीर्थयात्री युग सेनानियों की टोली का प्रवास बागबाहरा ब्लाक के सुदूरवर्ती ग्राम लोंदामुड़ा में हुआ। अभियान के अन्य गांवों की भांति युगगीत गाते, युग घोष करते ग्राम परिक्रमा की गई। शाम को गुरुसत्ता के संदेश के साथ दीप महायज्ञ हुआ। प्रातःकाल गायत्री यज्ञ हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर 12 लोगों ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर गुरुदेव भगवान को अपना मार्गदर्शक स्वीकार किया। अगले क्रम में फिर अपने गांवों को हम स्वर्ग बनाएंगे के उद्घोष के साथ युग निर्माण के सृजन सैनिकों की ग्राम तीर्थयात्रा मंडली अपने एकादश लक्ष्य ओडिशा सीमा के निकट ग्राम पंडरीपानी पहुंची। निकटवर्ती नर्रा इकाई के परिजनों एवं ग्राम प्रमुखों ने टोली का आत्मीय स्वागत किया। ग्राम परिक्रमा में युग गीत और नारों के साथ घर घर जाकर गुरु संदेश व दीप यज्ञ का निमंत्रण दिया गया। फलस्वरूप ग्राम्यजनों ने श्रद्धापूर्वक गुरु संदेश एवं दीप यज्ञ में भाग लिया। प्रातःकाल गांव के लोगों ने गायत्री महायज्ञ में प्रसन्नतापूर्वक भाग लिया। साथ ही मिशन की विचारधारा से प्रभावित होकर 24 लोगों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर प्रज्ञा मंडल एवं महिला मंडल का भी गठन किया गया। अभियान के बारहवें चरण में




तीर्थयात्री दल ग्राम फुलवारी पहुंचा, गीत गाते, नारे लगाते, घर घर युग संदेश के साथ दीप यज्ञ का आमंत्रण देती टोली कार्यक्रम स्थल पहुंची। सायंकाल महाकाल के संदेश के साथ दीप यज्ञ का कार्यक्रम प्रसन्नता पूर्वक हुआ। प्रातः गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम्यजनों ने बहुत ही श्रद्धा से भाग लिया। इस अवसर पर 35 दीक्षा संस्कार हुए। प्रज्ञा मंडल एवं महिला मंडल का गठन किया गया।

# खेत में लगे बोर से बिजली केबल चोरी कर भाग रहे 3 लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**महासमुंद।** खेत में लगे बोर से बिजली तार को चोरी कर भाग रहे 3 लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। सरायपाली थाने में प्रार्थी जयपाल डडसेना पिता नित्यानंद डडसेना निवासी ग्राम रिसेकेला ने बताया कि ग्राम रिसेकेला छुईहा खार में मेरा खेत है, जिसमें बोर लगा हुआ है। 13-14 मई की दरमियानी रात गांव के चेतन डडसेना, क्षीरोद्र डडसेना व बैकुंठो डडसेना बोर में लगे 300 मीटर बिजली केबल कीमत 9000 रुपए मूल्य को चोरी



कर मोटर साइकिल से ले जा रहे थे, जिसे गांव के हेमसागर साहू, नुवाधर चौहान व सामरू साहू देखा व पकड़ लिया। घटना को लेकर गांव में हुई मीटिंग के बाद प्रार्थी ने आरोपी चेतन डडसेना, क्षीरोद्र डडसेना एवं बैकुंठो के विरूद्ध विद्युत केबल चोरी करने की रिपोर्ट लिखाई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# कायस्थ समाज ने मनाई चित्रगुप्त की जयंती






हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर के पीछे नवनिर्मित कायस्थ समाज भवन में चित्रगुप्त जयंती मनाई गई। जिसमें पूजा अर्चना के साथ चित्रगुप्त चालीसा का पाठन किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें यश्वी श्रीवास्तव एवं निकुंज श्रीवास्तव द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत किया गया। साथ ही आने वाले समय में बैठक संबंधी रूपरेखा बनाई गई। इस कार्यक्रम में निर्मला श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, नूपुर सिन्हा, निशी श्रीवास्तव, निधि, यश्वी श्रीवास्तव, पुरुष वर्ग में विजय श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, राजेन्द्र श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, कुमारेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, प्रभु श्रीवास्तव, मास्टर निकुंज, अथर्व श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी है।

# जिला अस्पताल के पास तीन लोगों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरोरा स्थित जिला अस्पताल नहर पुल के पास तीन लोगों के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी शुभम साहू पिता तोपराम साहू निवासी वार्ड नं 6 संतोषी मंदिर के पास नयापारा ने पुलिस को बताया कि वह 14 मई 2024 को अपने साथी खिलेश राव भोसले और टिकेश्वर चंद्राकर उर्फ टीपू के साथ घटना स्थल के पास शाम करीब 07.30 बजे बैठा था।

इसी दौरान नया मछली मार्केट निवासी अजय निर्मलकर उर्फ अजय शूटर, चिरौंजी एवं उनके अन्य साथी आए और यहां पर क्यों बैठे हो कहकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी अजय निर्मलकर और उनके साथी चिरौंजी एवं अन्य लोग भी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। जिसे देख मेरे साथी टीपू और खिलेश बीच बचाव करने आये तो आरोपी उनके साथ भी मारपीट करने लगे। आरोपी अजय निर्मलकर ने अपने पास रखे कुछ नुकीली वस्तु सहित वहां पर पड़े ईंट के टुकड़े टिकेश्वर चंद्राकर से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे बांये हाथ के कलाई के ऊपर तथा बांये पेट कमर के पास खरोच लगा है।

वहीं मेरे साथी खिलेश राव भोसले के दाहिने तरफ सीने, पेट के पास, बांये पसली पेट एवं भुजा में चोट लगी है एवं टिकेश्वर चंद्राकर उर्फ टीपू को ईट के टुकड़े से मारने से मुंह, चेहरा एवं बांये हाथ के कलाई में, सिर के पास चोट लगा। टीपू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# आत्मानंद नरहरदेव में एलकेजी में प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी की, 20 का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश के लिए 15 मई को लाटरी के माध्यम से प्रवेश दिया गया और सबसे ज्यादा मारामारी जिला मुख्यालय के नरहरदेव आत्मानंद में रही। इस विद्यालय में केवल एलकेजी में 20 सीटों के लिए छात्रों का प्रवेश लिया जाना था, जिसके लिए 184 आवेदन आएं थे। नियमों का पालन किए जाने के उपरांत लाटरी निकालकर 20 छात्रों का प्रवेश के लिए चयन किया गया।

जानकारी के अनुसार आत्मानंद नरहरदेव में 20 छात्रों के लिए 184 आवेदन आएं थे, जिसमें 90 आवेदन अपात्र पाएं गए, जिसका कारण आयु अधिक और अन्य दस्तावेजों में कमी पाई गई थी। 94 आवेदन सही पाएं गए, जिसमें 50 बालिकाएं और 44 बालक थे। नियम के तहत बालिका वर्ग के लिए 50 प्रतिशत सीट यानी 10 सीट, बीपीएल वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सीट यानी 5 सीट और 6



सीट अनारक्षित वर्ग के लिए थी। नियमों के तहत लाटरी निकालने की प्रकिया 10 बजे प्रारंभ हुई और लाटरी सिस्टम में बालिका वर्ग में 10 बालिकाएं, बीपीएल वर्ग में 3 बालिकाएं एवं 2 बालक और अनारक्षित वर्ग में 2 बालिकाएं एवं 3 बालक का चयन हुआ।

इस तरह कुल 20 सीटों पर 15 बालिकाएं एवं 5 बालको का चयन हो पाया। लॉटरी सिस्टम से चयनित छात्रों में बालिका वर्ग से 19 बालिकाओं में सृष्टि मरकाम, मायरा भास्कर, प्रिशा मंडावी, सौम्या शर्मा, देवांशी साहू, अर्पिता भास्कर, सुदीक्षा मानिकपुरी, अंजू, इयांशी रावटे,गाव्या कोड़ोपी का चयन हुआ। बीपीएल वर्ग में 5 सीट पर प्रियांशी सारथी, दिव्यांश शार्दुल, तनमय यादव, वन्या मूंदा और रोमाईसा सरवैया का चयन हुआ। अनारक्षित वर्ग में 5 सीट पर लक्ष्मी दर्रो, आदिल खान, हेजल सेठिया, आराफत आलम खान और योगेंद्र टेकाम का चयन हुआ। आत्मानंद नरहरदेव की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह 10 बजे प्रवेश के लिए प्रकिया शुरू हो गई थी और सभी जानकारी उपस्थित पालकों को दिया गया था। उसके उपरांत उपस्थित पालकों के द्वारा ही लाटरी की पर्ची सभी के सामने निकाली गई। केवल एलकेजी की 20 सीट की खाली थी, जिसके लिए आवेदन मंगाए गए थे और लॉटरी सिस्टम से छात्रों का चयन किया गया।



# परलकोट के तालाब का गेट टूटा पर दस साल बाद भी नहीं हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में हर गांव में एक तालाब ऐसा होता है जो पूरा गांव उस पर खेती किसानी के लिए निर्भर रहती है। अगर वही तालाब दस सालों से पानी ना रुके तो गांव के परिवारों की स्थिति कैसी होगी यह आप सोच ही सकते हैं। कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर के आश्रित ग्राम ब्रह्मापुर पीव्ही 113 की जहां दस सालों से तालाब का गेट जर्जर हो चुका है, जिसके चलते तालाब में पानी नहीं रहता एवं गांव के किसान एक ही फसल पर निर्भर रहते हैं। आप जानते हैं की परलकोट क्षेत्र उन्नत किसानों का क्षेत्र है। इस क्षेत्र के किसान हमेशा से ही दो फसल करते हैं एवं बरसात में धान का और गर्मी में मक्का का अपने खेतों से दुगनी फसल उगाते हैं। लेकिन ब्रह्मापुर गांव के किसान दस सालों से एक ही फसल ले पा रहे हैं वह भी बरसात के भरोसे। पूरे गांव के लोगों का कहना है कि अगर शासन प्रशासन उनके तालाब को मरम्मत करती है तो हमारे पूरे गांव यानी 300 हेक्टेयर से ज्यादा खेत में रवि फसल में उनको पानी का साधन मिलेगा। ब्रह्मापुर के किसान दुगना फसल अपने खेतों से उगा पाएंगे।

## निधन

### श्रीमती प्रफुल्ला मेहता



**महासमुंद।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रवि मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती प्रफुल्ला मेहता का 15 मई बुधवार को दोपहर 3 बजे नागपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 55 वर्ष की थी। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान पुलिस थाना के पीछे से 16 मई को निकाली जायेगी। वे अंकित ट्रेडर्स के संचालक अंकित मेहता, अमित मेहता की मां थी।

### नक्सली हिंसा : आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ माओवाद उन्मूलन नीति में उल्लेखित प्रावधान के तहत माओवादी हिंसा में मारे गए जिले के दो व्यक्तियों के आश्रितों के लिए पांच-पांच लाख रूपएं की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें पखांजुर तहसील अंतर्गत ग्राम मोरखण्डी के मृतक मनोज कोवाची की पत्नी प्रुमिता कोवाची के लिए पांच लाख रुपएं और मृतक कुल्ले राम कतलामी की पत्नी नीला बाई कतलामी के लिए पांच लाख रुपएं की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अंतागढ़ तहसील के ग्राम भैंसगांव निवासी इतवारू उइके के नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी लच्छोन्तीन के लिए चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।


# अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के लिए समाधान शिविर 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन आगामी 22 मई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। उक्त शिविर में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण मौके पर किया जाएगा। अपर कलेक्टर एस अहिरवार की अध्यक्षता में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए गठित समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरणों का संकलन किया गया। बताया गया कि अनुकम्पा नियुक्ति के




लिए विभिन्न विभागों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के 22, स्वास्थ्य विभाग के 4, राजस्व, पशु चिकित्सा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं आदिवासी विकास विभाग के 2-2 और वन विभाग का 1 आवेदन प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर ने बताया कि उक्त प्रकरणों के अलावा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए यदि कोई पात्र अभ्यर्थी जो संबंधित पद की शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता रखता है, वह मौके पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकता है।






## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया विश्व परिवार दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। जिसमें राजेंद्र चंद्राकर, मनु चंद्राकर, देबू चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव है, जो परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को मनाया जाता है। परिवार हमें एक साथ बांधता है। हमें अपने परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिलता है, वह हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है। व्यक्तिगत विकास और समुदायों और सामाजिक एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने में परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। परिवार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है।

## जागरुक: कोशली रेडियो एफएम 89.6 स्टेशन में अभियान को दिया विराम

# पाणिग्राही ने 22 हजार हल्दी पीला चावलयुक्त मतदान नेवता पत्र छपाकर 12 राज्यों में बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

लोकसभा चुनाव के आगाज होने के साथ ही

- महासमुंद कलेक्टर से शुरुआत राजभवन, छग राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी दिया नेवता पत्र




शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष को लेकर मैदानी स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में जुटकर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही 73 की उम्र 43 डिग्री तापमान की परवाह न करते हुए एक योद्धा की तरह चतुर्थ चरण तक विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिए डटे रहे। 13 मई को ओडिशा खरियाररोड पहुंचकर कुछ स्थानों में जागरुकता के पश्चात कोशली रेडियो एफएम 89.6 स्टेशन पहुंचकर स्टेशन डायरेक्टर विजय राज के साथ साक्षात्कार पश्चात मतदाता जागरूकता अभियान को विराम दिया।

गौरतलब है कि डॉ. पाणिग्राही को मतदाता जागरुकता में समर्पित कार्य के लिए महासमुंद जिला कलेक्टर प्रभात मलिक ने महासमुंद जिले का स्वीप आइकॉन मनोनीत किया। डॉ. पाणिग्राही महासमुंद जिले के साथ-साथ स्व प्रेरित होकर रायपुर, दुर्ग जिले में भी व्यापक जागरूकता कार्य में जुटे रहे। मतदाता जागरुकता अभियान से लोगों को दिल से जुड़ने के लिए मतदान जरूर करें हल्दी पीला चावल युक्त नेवता निमंत्रण पत्र छपवाकर प्रथम नेवता महासमुंद जिला कलेक्टर प्रभात मालिक को दिया। पश्चात राजभवन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, दुर्ग संभगायुक्त एस एन राठौड़, आईजी रामगोपाल गर्ग को दिया। हल्दी, पीला चावल युक्त नेवता निमंत्रण अभियान चल पड़ा। इसी कड़ी में 22000 निमंत्रण पत्र छपवाकर छत्तीसगढ़ ही नहीं 12 प्रदेश के मतदाताओं को भेजा। भोपाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ द्वारा आयोजित विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में 16 भाषाओं में मतदाता जागरुकता के पोस्टर तैयार कर विमोचन एवं प्रस्तुतिकरण दिया। भोपाल में इस कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता व्याख्यान दिया तथा कार्यक्रम में शामिल 200 विद्वानों एवं 55 शोधार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई। एक्टिवा वाहन को स्वीप स्लोगन से सुसज्जित कर उसी अनुरूप वेशभूषा पहनकर महासमुंद, रायपुर, दुर्ग जिला में मतदाता जागरूकता रोड शो किया। शत प्रतिशत मतदान के लिए पहले मतदान, फिर बारात प्रस्थान तथा पहले मतदान फिर कन्यादान अभियान चलाकर वर-वधू एवं उनके परिवारजनों को पहले मतदान करने प्रेरित किया। युवाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने 4 महाविद्यालयों में मतदाता जागरुकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया। युवोदय दुर्ग के दूत संगठन से जुड़कर महिला समूहों ग्रामीण क्षेत्रों में शामिल हुए। दिव्यांग, थर्ड जेंडर के साथ मतदाता जागरूकता किए। झोपड़पट्टी एवं कम मतदान वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर हल्दी पीला चावल युक्त नेवता पत्र बांटे। मतदाता जागरुकता को विराम देते हुए डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा मतदान इतना अधिक हो कि हमारा लोकतंत्र हमें मुस्कुराता हुआ दिखाई दें।

# एसी, कूलर लगाकर भाजपा कर रही शराब पिलाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले 5 वर्ष शराबबंदी के नाम पर

- छगवासियों को शराब की आदी बनाने का प्लान तैयार कर रही भाजपा



नौटंकी करने वाले भाजपा ने सरकार बनते ही शराब में अकूत कमाई का रास्ता ढूंढ निकाला। पहले शराब के एक पौवा से लेकर बोतल में 10 से 200 रुपए तक की बढ़ोतरी कर 11 हजार करोड़ रुपए कमाई का लक्ष्य रखा। शराब के दामों में वृद्धि कर छगवासियों के जेब में डाका डाला। अब शराब बेचने के साथ एसी, कूलर लगाकर आहाता के माध्यम से पीने की सुविधा देकर लोगों को शराब की आदी बनाने पर तुली हुई है। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने उक्त वक्तव्य भाजपा सरकार द्वारा शराब दुकानों के पास चखना सेंटर खोले जाने की योजना की निंदा करते हुए कही।

चंद्राकर ने कहा कि शराब दुकानों में आहाता खोलने से इसका बुरा असर लोगों पर पड़ेगा। शराब के शौकीन जो लोग दुकान से सीमित मात्रा में शराब खरीद कर चले जाते थे, वे आहाता में बैठकर असीमित शराब का सेवन करेंगे। जिसका प्रभाव उनके घर परिवार पर पड़ेगा। इसके अलावा छोटी-छोटी बात पर मारपीट सहित अन्य गंभीर अपराध शराब दुकानों के आसपास ज्यादा होता है। ऐसे में शराबियों की भीड़ आहाता में रहेगी। जिससे विवाद, अपराधिक कृत्यों में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में विपक्ष में रहते भाजपा ने शराबबंदी की मांग करने जमकर नौटंकी की थी। भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता शराबबंदी की मांग का दिखावा करते रहे। लेकिन, भाजपा के शराब नीति, आहाता नीति पर सभी मौन साधे बैठे हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि जुमलों की राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी कथनी और करनी में अंतर है।

## निधन

### हीरा लाल साहू



**महासमुंद।** गांधी ग्राम तमोरा निवासी व ग्राम पंचायत कुरूभांटा के सचिव हीरा लाल साहू (55) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम तमोरा में किया गया। अंतिम यात्रा में परिवारजन, ग्रामवासी, क्षेत्रवासी सहित अनेक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे वरिष्ठ समाजसेवी मनराखन लाल साहू एवं खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष सेवाराम साहू के छोटे भाई एवं दीपेश साहू के पिता थे।


# बिरकोनी में साहू समाज ने मनाया वार्षिक समारोह



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में साहू समाज ने वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे से ही साहू छात्रावास प्रांगण में साहू समाजजन एकत्रित होकर मां कर्मा की पूजा अर्चना की गई। भगवान सत्यनारायण की कथा के बाद हवन पूजा आरती यज्ञ कार्यक्रम हुआ। इसमें साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। भक्त माता कर्मा के जयकारों से पूरा गांव गूंजायमान रहा। शोभायात्रा में झंडा लहरा गया। कार्यक्रम स्थल में मां कर्मा की मनमोहक झांकी सजाई, जो आकर्षण का केंद्र रहा। बाद आराध्य देवी को रथ में विराजित कर ग्राम भ्रमण के लिए निकाली गई। महिला व बालिकाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे मंचीय कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष तुलसराम साहू, परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव डॉ. विष्णु साहू समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मां कर्मा देवी के बताए रास्ते पर चलने प्रेरित किया। समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं को अपनी-अपनी राय दी। बाद खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक मानस मण्डलियों द्वारा मानस गण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण सहित सामाजिक सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सशिमं में मेधावी छात्र-छात्राओं की दो पालियों में हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान पर मेधावी छात्र परीक्षा हुई। परीक्षा 14 मई को दो पाली में हुई। प्रथम प्रश्न-पत्र 11 से 12 बजे तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक हुई । जिसमें कक्षा तृतीय से एकादश तक (बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर) कक्षा में प्रथम तीन स्थान तथा 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षा हुई। इसमें बसना, सरसीवा तथा सरायपाली नगरीय विद्यालय एवं उक्त तीनों विद्यालय के अंतर्गत संचालित हो रहे ग्रामीण विद्यालय में अध्यनरत कक्षा तृतीय से एकादश तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 134 भैया- बहन सम्मिलित हुए। परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रश्न-पत्र एवं उत्तर-पत्रक अलग-अलग दिए गए। बैठक व्यवस्था 7 कमरों में की गई। प्रत्येक परीक्षार्थी को अपेक्षित अंतर में बैठाया गया था, जहां उनके लिए विद्यालय की ओर से सारी व्यवस्थाएं दी गई। पीने के लिए स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल की भी व्यवस्था की गई। परीक्षा के अंत में विद्यालय के प्राचार्य कामता प्रसाद साहू तथा प्रधानाचार्य रमेश प्रधान के निर्देशन पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। आचार्य त्रिलोचन कर ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को संपन्न कराने में बसना एवं सरसीवा विद्यालय के प्राचार्य नंदू निर्मलकर तथा पंकज प्रधान विद्यालय के परीक्षा प्रभारी गोवर्धन प्रधान एवं अमृत मिश्रा सहित समस्त आचार्य दीदीयां एवं अन्य विद्यालय से आए आचार्यगणों का योगदान रहा।

# वाहवाही लूटने स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदलने की साजिश रच रही है भाजपा : चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों का भाजपा सरकार द्वारा नाम बदलने की सुगबुगाहट के बीच सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने राज्य की भाजपा सरकार पर वाहवाही लूटने की साजिश रचने का बड़ा आरोप लगाया है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बारहवीं में 7 बच्चे टॉप 10 में जबकि दसवीं में 21 बच्चे टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूलों से हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए होड़ मची हुई है। कांग्रेस सरकार ने महज 5 वर्षों में शानदार स्कूल प्रदेशवासियों को दिए है, लेकिन केंद्र में 10 साल और छत्तीसगढ़ में 15 साल राज करने के बावजूद एक भी ऐसे स्कूल भाजपा नहीं बनवा पाई है। लिहाजा अब श्रेय लूटने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद योजना में पीएमश्री नाम जोड़कर छत्तीसगढ़ के संत का अपमान करने से भी नही चूक रही है। उन्होंने कहा कि छग में कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का नाम बदलने के अलावा इनके पास छग की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कोई योजना नहीं है जिससे यह साबित हो रहा है कि डबल इंजन यहां भी फेल है। बता दें कि स्वामी आत्मानंद योजना के तहत प्रदेश में 737 से अधिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें 4 लाख 50 हजार से अधिक बच्चे निःशुल्क अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आत्मानंद योजना की स्कूलें सुव्यवस्थित, पर्याप्त, फर्नीचर, शिक्षक के साथ-साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण से परिपूर्ण है, जिसका प्रमाण 10वीं व 12वीं के परिणाम में दिखा है। क्योंकि, यहां गरीब माता-पिता के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी की शिक्षा मिल रही है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों का भाजपा सरकार द्वारा नाम बदलने की सुगबुगाहट के बीच कांग्रेस नेताओं द्वारा इसका जमकर विरोध किया जा रहा है।

## अग्रवाल नर्सिंग होम में मूत्र रोग एवं पथरी प्रोस्टेट का परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर कल

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 17 मई 2024 को मूत्र एवं पथरी रोग संबंधित ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें किडनी, पथरी, प्रोस्टेट का समुचित जांच, इलाज एवं सर्जरी लेजर एवम दूरबीन द्वारा किए जाएंगे। किडनी में सूजन, पथरी एवं सिकुडन का इलाज पुरुषों में बांझपन एवं नपुंसकता का उपचार मूत्रकोष का संक्रमण एवं मूत्र नली का सिकुडन किडनी, प्रोस्टेट, टेस्टिस के कैंसर पेशाब का रुक रुक कर आना, लीक करना या खून आने का उपचार। पीडियाट्रिक यूरोलॉजी की सेवाएं इमरजेंसी यूरोलॉजी की सेवाएं, ट्रामा से लेकर किडनी में यूरिन ब्लॉकेज तक सभी का आपरेशन एवम परामर्श डॉ. तुषार दानी एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी यूरोसर्जन 17 मई को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में करेंगे। वे सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेंगे। आयुष्मान अथवा राशन कार्ड एवम बीजू कार्ड द्वारा निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सिटी स्कैन, एक्स रे द्वारा पथरी की सटीक जांच एवं विशेष छूट 30 प्रतिशत तक उपलब्ध है। ऑपरेशन के इच्छुक मरीज अपनी सभी जांच रिपोर्ट के साथ 16 अप्रैल को शाम 5 बजे तक भर्ती हो जाएं। प्रतिदिन निःशुल्क डायलिसिस उपलब्ध आईसीयू बैकअप के साथ। अग्रिम पंजीयन अनिवार्य है।

# खनकती चूड़ियां चुप हैं और बिलखती पायल, मन का सब व्यापार शांत है और निंदिया भी घायलः अनुसुइया

## न्यूयॉर्क की साहित्यिक संस्था द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ. अनुसुइया ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आज खनकती चूड़ियां चुप हैं और बिलखती पायल, मन का सब व्यापार शांत है और निंदिया भी घायल। यह खूबसूरत करुणामयी काव्यांजलि रविवार 5 मई 2024 को निर्मल रोशन साहित्यिक मंच न्यूयॉर्क अमेरिका द्वारा भारत, लंदन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिष्ठित कवियों के साथ मिलकर आयोजित मातृ दिवस अंतरराष्ट्रीय काव्य गोष्ठी में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व्यक्त कर रही थी। यह निर्मल रोशन साहित्यिक मंच अमेरिका का मासिक साहित्यिक कार्यक्रम था। विनोद कुमार शर्मा चंडीगढ़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम को संस्था की संस्थापक सुषमा मल्होत्रा संयोजित और संचालित कर रही थीं। उन्होंने इस कार्यक्रम के आरम्भ में गणेश वंदना की। तत्पश्चात सरस्वती वंदना कर कवियों को अपनी रचनाएं प्रस्तुत किए। डॉ. अनुसुइया ने मां पर केंद्रित एक से बढ़कर एक करुण भाव संपन्न पंक्तियां प्रस्तुत की। आज मुस्कुराने को जी करता है, एक गीत गाने को जी करता है, खौफनाक अंधेरों के इस जहां में एक दीप जलाने को जी करता है, पंक्तियां सुनकर समूचा मंच बरबस वाह-वाह कर उठा।

मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने मंच की सराहना करते हुए मां पर केंद्रित अपनी यह कविता प्रस्तुत की-मां तुझ बिन सुनो मेरे अपनों, सुनो ए दुनिया वालों, हर सुख लेलो मेरा, पर मेरी मां को ढूंढ निकालो, मिल गई धरा को आंचल में। डॉ. माधुरी सुबोध अध्यक्ष दिल्ली ने प्रत्येक कवि के काव्य पाठ को सराहा और अपनी चनाएँ प्रस्तुत करते हुए कहा कि मातृ दिवस के नाम पर नमन कर फिर वर्ष भर के लिए भूल जाते हैं बच्चे, क्या महसूस करते हैं बच्चे, हर मां जानती उनसे पहले उन्हें वह पहचानती है, ममता की मूरत है वत्सलता छलकाती है, पहले अन्न पूर्ण वह आशीष बरसाती है। डॉ.. आस्था नवल वर्जिनिया की पंक्तियां थी-जब करती हूँ सब के लिए तो अपने लिए क्यों नहीं, संजोती हूँ जो सपने पूरा करने के लिए क्यों नहीं। मधु शर्मा न्यूयॉर्क ने मनहर धनाक्षी में अपनी कविता प्रस्तुत की- नित करे ऐसे काम, जिन मेरा जियो राम मदद सभी की करे, मीठी बातें कीजिए लेखनी हमारी सदा ,बदी प्रेम की गदा इसे सेवा देश हित नाम कर लीजिये। आशुतोष कुमार लंदन की पंक्तियां थी- खुद के बारे में कब, सोच पाती है मां, पूरे परिवार पर जान लुटाती है मां, यूँ तो रहने को रहते है लोग उम्र भर पर मकानों को घर बनाती है मां। रेणु शब्दमुखर ने मां के प्रेम को प्रस्तुत करते हुए काव्य गोष्ठी को ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया- मां प्रेम का चंदोवा है, घर घर आई खुशबू क्योंकि वहां समाई है मां। हर दुखड़े को सह जाती क्योंकि सब्र की जाई है मां, घर में आती कोई परेशानी सब के साथ मुस्काई है मां। कार्यक्रम का संचालन कर रही सुषमा मल्होत्रा ने मां के लिए कुछ इस तरह कहा- मेरी मां जिसे अपने साथ बैठते उठते देखती थी मैं सुबह शाम, वह जिसकी जुबान पर सदा रहता था प्रभु का नाम, संग न रही मेरे चाहने पर भी अब तस्वीरों में है मेरे साथ, चाहती हूँ निकल आये कभी मेरे सर पर रख दे अपना हाथ। इस कार्यक्रम को जूम पर और फ़ेसबुक पर लाइव स्ट्रीम किया गया था।

# आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया से हुआ प्रवेश कार्यक्रम

## चयनित छात्रों को आवश्यक दस्तावेज एवं प्रवेश लेने की अंतिम तारीख 20 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक के कक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रवेश कार्यक्रम लॉटरी प्रक्रिया से हुआ।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी बतौर प्रभारी अधिकारी सम्मिलित हुए। जिनके मार्गदर्शन में लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 20 मई तक रखी गई है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने बताया कि जिन भी छात्रों का चयन हुआ है उन सभी की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है, जिसका अवलोकन विद्यालयीन समय पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 20 मई तक अनिवार्यतः प्रवेश लेना होगा। उक्त तिथि के पश्चात प्रतीक्षा सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

लॉटरी प्रक्रिया में चंपालाल डडसेना एवं अजय प्रधान शासकीय सेवक पालक सदस्य के रूप में तथा हरीश चौधरी एवं गजानन प्रधान विद्यालयीन शिक्षक सदस्य के रूप में सम्मिलित थे। लॉटरी प्रक्रिया में शासकीय आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जेपी पटेल, विद्यालय के पालक समिति के अध्यक्ष कमल पटेल, सदस्य कमल किशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आशीष दास, महेश नायक, पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की रुपरेखा विद्यालय के व्याख्याता प्रवीण तिवारी ने बनाई एवं संचालन नरेश पटेल द्वारा किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार पटेल ने सभी आगन्तुको को धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक महेश नायक, प्रदीप सेठ, मीना एस प्रकाश, जलंधर वर्गे, रेखा पुरोहित, लक्ष्मी चौधरी, ज्योति सलूजा, शिवेंद्र सिंह, मौसमी माथुर, मंजिला चौधरी, साकेत राजवाड़े, विनोद चौधरी, श्यामसुंदर दास, आशा शर्मा, धनपत सिदार, हिमाद्री प्रधान, गुलाब चौहान, शोभाराम भोई, घासी चौहान, गोमती बरिहा, गीति बरिहा, केशव चौहान ने सहयोग प्रदान किया।

